# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी हमीरगढ, जिला–भीलवाड़ा

पीठासीन अधिकारी नेहा छीपा (आर.ए.एस)

प्रकरण संख्या 65 / 2025

**उनवान**

1. अमरचंद पुत्र कालू गाडरी नि0 दर्री तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा (राज.)
2. कमला पुत्री कालू गाडरी नि0 दर्री तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा (राज.)
3. केशर पुत्री डूंगा गाडरी नि0 दर्री तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा (राज.)
4. काना पुत्र डूंगा गाडरी नि0 दर्री तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा (राज.)
5. गुलाब पुत्र डूंगा गाडरी नि0 दर्री तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा (राज.)
6. गोपी पुत्र कालू गाडरी**(मृतक के बजाय)**
   6/1 दिनेश पिता स्व0 गोपी गाडरी नि0 दर्री तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा (राज.)
   6/2 सोनू पिता स्व0 गोपी गाडरी नि0 दर्री तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा (राज.)
7. नाराणी पुत्र डूंगा गाडरी नि0 दर्री तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा (राज.)
8. बगसू पुत्र डूंगा गाडरी नि0 दर्री तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा (राज.)
9. बद्री पुत्र डूंगा गाडरी नि0 दर्री तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा (राज.)
10. भगु पुत्र कालू गाडरी नि0 दर्री तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा (राज.)
11. भैरू पुत्र कालू गाडरी नि0 दर्री तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा (राज.)
12. मंगी देवी पत्नी स्व0 कालू गाडरी कालू गाडरी नि0 दर्री तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा (राज.)
13. रामेश्वर पिता स्व0 कालू गाडरी कालू गाडरी नि0 दर्री तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा (राज.)
14. शोभा पुत्री स्व0 कालू गाडरी कालू गाडरी नि0 दर्री तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा (राज.)
15. सेहनी पुत्री डूंगा गाडरी नि0 दर्री तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा (राज.)

——प्रार्थीगण

**बनाम**

1. श्री जालम सिह पिता किशन सिंह नि0 दर्री तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
2. श्री भूरसिंह पिता किशन सिंह नि0 दर्री तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)**(डिलीट)**
3. श्री गोपाल सिंह पिता सज्जनसिंह नि0 दर्री तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
4. श्री कालुसिंह पिता चावण्ड सिंह नि0 दर्री तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
5. श्री भारतसिंह पिता रतनसिंह नि0 दर्री तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
6. श्री भैरू सिंह पिता गुलाबसिंह नि0 दर्री तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
7. श्री कालू पिता नाथू गाडरी नि0 दर्री तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
8. श्री मथूरा पिता रामा तेली नि0 दर्री तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
9. श्री नानुलाल पिता मोती गाडरी नि0 दर्री तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
10. श्री देवीलाल पिता बकसु गाडरी नि0 दर्री तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
11. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार हमीरगढ जिला भीलवाडा।(राज.)

———अप्रार्थीगण

## प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956

**निर्णय दिनांक 20–05–2025**

प्रार्थी की ओर से एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 राजस्थान भूॅ–राजस्व अधिनियम 1956 के तहत इस कार्यालय में दिनांक 03.04.2025 को प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि **ग्राम दर्री पटवार हल्का स्वरूपगंज भू–अभिलेख निरीक्षक क्षेत्र खैराबाद तहसील हमीरगढ़ जिला भीलवाड़ा (राज०) की खाता संख्या 87 की आराजी नम्बर 118 रकबा 0.0126 हैक्टयर, आराजी नम्बर 119 रकबा 0.3794हैक्टयर, आराजी नम्बर 120 रकबा 0.3541 हैक्टयर, आराजी नम्बर 121 रकबा 0. 2276 हैक्टयर, आराजी नम्बर 157 रकबा 1.6944 हैक्टयर, कुल किता 05 कुल रकबा 2.6681है0, भूमि स्थित है।** वादग्रस्त भूमि के विपक्षीगण पडौसी है प्रार्थी एवं विपक्षीगण के मध्य प्रश्नगत आराजी के सीमा चिन्ह नही होने से आये दिन सीमा संबंधी विवाद उत्पन्न होता रहा है। इसलिए प्रार्थी अपने खाते की खातेदारी कृषि भूमि की पत्थरगढी कराना चाहता है। आवेदन स्वीकार किया जाकर पत्थरगढी के आदेश प्रदान कराया जावे।

प्रस्तुत प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में दिनांक 16.04.2025 को पंजीबद्ध किया गया। प्रार्थी के अधिवक्ता उपस्थित । विपक्षी संख्या 01 व 03 लगायत 10 बावजूद विधिवत प्रक्रियानुसार सुनवाई का अवसर देने के उपरान्त उपस्थित नही है। अतः न्यायहित में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाती है। विपक्षी संख्या 02 अदम तामील प्राप्त। इस पर अधिवक्ता प्रार्थी द्वारा नियम सुनवाई पर उपस्थित होकर विपक्षी संख्या 02 के विरूद्ध कोई कार्यवाही नही चाहने का कथन रखते हुए ओदशिका पर अंकित किया गया । प्रार्थी का निवेदन स्वीकार कर प्रा.पत्र में विपक्षी कम 02 का नाम डिलीट/विलोपित करने की आज्ञा पारित की जाती है।

उपखण्ड अधिकारी
हमीरगढ (राज.)

प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर प्रार्थी/प्रार्थी अधिवक्ता को सुना गया। प्रस्तुत बहस पर मनन किया गया तथा पत्रावली में उपलब्ध रेकार्ड का ध्यापपूर्वक अवलोकन किया गया। प्रकरण के अवलोकन से यह तथ्य है कि प्रार्थी स्वंय के खाते की खातेदारी कृषि भूमि की पत्थरगढी कराने का अधिकारी है। वैसे भी इस प्रकार के आदेश से अधिकार अभिलेख में किसी प्रकार के हेराफेरी होने का कोई अंदेशा नही है तथा न ही किसी प्रकार अधिकार/स्वत्व निर्धारित किये जाते है। अतः इन तथ्यो को देखते हुए नैसर्गिक न्याय के सिद्धान्त के आधार पर आवेदन प्रार्थी स्वीकार योग्य है।

**–::आदेश::–**

प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर तहसीलदार हमीरगढ को आदेश दिये जाते है कि ग्राम **दर्री पटवार हल्का स्वरूपगंज भू–अभिलेख निरीक्षक क्षेत्र खैराबाद तहसील हमीरगढ़ जिला भीलवाड़ा (राज०) की खाता संख्या 87 की आराजी नम्बर 118 रकबा 0.0126 हैक्टयर, आराजी नम्बर 119 रकबा 0.3794हैक्टयर, आराजी नम्बर 120 रकबा 0.3541 हैक्टयर, आराजी नम्बर 121 रकबा 0. 2276 हैक्टयर, आराजी नम्बर 157 रकबा 1.6944 हैक्टयर, कुल किता 05 कुल रकबा 2.6681है0, भूमि स्थित है।** जिसकी पत्थरगढी राजस्थान लैण्ड रेकार्ड नियम 1956 के प्रावधानो में निर्धारित प्रकिया के अनुसार की जावे तथा मौका कमिश्नर फीस 1000/–रू0 की नियमानुसार अदायगी प्रार्थी पक्षकार निर्धारित कमिश्नर को भुगतान करें। आदेश आज दिनांक 20.05.2025 को खुले न्यायालय में सुनाया जाकर लिखा गया। प्रकरण फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर रहे।

(निहा छीपा)
उपखण्ड अधिकारी
हमीरगढ